# लॉकडाउन सारथी सम्मान समारोह



**कपासन**। लॉकडाउन सारथी सम्मान समारोह हुआ। प्रतीक वैष्णव बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मेवाड़ विश्वविध्यालय के सिविल सर्विसेज डायरेक्टर डॉ लोकेश शर्मा थे, कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान भेरू लाल चौधरी ने की एवं विशिष्ठ अतिथि के रूप में उपप्रधान हर्षवर्धन सिंह गाडन, कार्यवाहक विकास अधिकारी सुरेश गिरी गोस्वामी, उमण्ड सरपंच एवं ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश चौधरी, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं सरपंच मोहन लाल जाट, एडमिशन डायरेक्टर तरुण दाधीच, उत्तर प्रदेश पंचायत संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष नाहर सिंह थे। सरपंचो एवं पत्रकार बंधुओ द्वारा लॉकडाउन में किये गए कार्यो की प्रंशसा करते हुए उनका सम्मान किया गया। यूनिवर्सिटी के डायरेक्टर सिविल सर्विसेज लोकेश शर्मा ने सरपंचों की पंचायत राज में भूमिका को बारीकी से बताया और सभी के द्वारा महामारी के विकट समय मे किये गए कार्यो को सराहते हुए उनको सम्मानित किया। पंचायत समिति सदस्यों की तरफ से दिनेश पाराशर ने विश्व विद्यालय का आभार प्रकट किया। प्रधान भेरू लाल ने सब से अधिक से अधिक पौधरोपण का आग्रह किया। कार्यक्रम में तबला ओर बांसुरी वादन की सुंदर प्रस्तुति यूनिवर्सिटी के संगीत विभागाध्यक्ष डॉ राजश्री एवं हरि ओम ने दी। कार्यक्रम में सरपंच रतन नाथ योगी, राजेन्द्र गोठवाल, विष्णु हेड़ा मौजूद थे।

# देश की पंचायतें लोकतंत्र की बुनियादः डॉ. लोकेश

## मेवाड़ विश्व विद्यालय का लॉक डाउन सारथी सम्मान समारोह




**कपासन, 2 अगस्त (जसं.)** । लोकतंत्र को सकारात्मक रुप से मजबूत करने में पंचायतों की विशेष भूमिका है। विशेष रुप से युवाओं को पंचायतों के क्रिया कलापों में बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए।

उक्त वक्तव्य अखिल भारतीय प्रधान संगठन के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रो. डॉ लोकेश शर्मा ने मेवाड़ विश्व विद्यालय गंगरार द्वारा स्थानीय पंचायत समिति के सभागार में आयोजित लॉक डाउन सारथी सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में व्यक्त किये। विश्वविद्यालय के सिविल सर्विसेज निदेशालय के निदेशक प्रो. डॉ शर्मा ने कोविड काल के दौरान सरपंचो की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि युवाओं को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करें। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधान भैरुलाल चौधरी ने मेवाड़ विश्वविद्यालय के इस लॉक डाउन सारथी सम्मान कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम से पंचायत के सभी जनप्रतिनिधियों को और अच्छा कार्य करने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। सरपंच संघ के प्रदेश महामंत्री नाहर सिंह ने मेवाड़ विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. अशोक कुमार गदिया के इस शैक्षिक जागरुकता अभियान को राष्ट्र निर्माण में सहायक बताया।

इस अवसर पर पंचायत समिति के सरपंचो, पंचायत समिति एवं जिला परिषद के सदस्यों को प्रतीक चिह्न के साथ पगड़ी पहनाकर अभिनंदन किया। कार्यक्रम में डॉ. राजऋषि कशोधन के बांसुरी वादन एवं हरिओम गंधर्व की संगीतमय प्रस्तुति से श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम का संचालन प्रतीक वैष्णव एवं आभार जिला परिषद सदस्य रवि मेनारिया ने व्यक्त किया।

कार्यक्रम में विकास अधिकारी सुरेश गिरी गोस्वामी, सरपंच संगठन के अध्यक्ष प्रकाश चौधरी, स्वतंत्रता सैनानी डॉ. केशव पथिक, श्रीमती पुष्पा भट्ट, एडमिशन सेल के डायरेक्टर तरुण दाधीच आदि उपस्थित थे।

# लॉकडाउन में सेवाएं देने वालों का किया सम्मान




**कपासन.** मेवाड़ विश्वविद्यालय गंगरार के तत्वावधान में लॉक डाउन सारथी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के प्रतीक वैष्णव के अनुसार समारोह विश्वविध्यालय के सिविल सर्विसेज डायरेक्टर डॉ लोकेश शर्मा के मुख्य आतिथ्य में हुआ। अध्यक्षता प्रधान भैरूलाल चौधरी ने की। उपप्रधान हर्षवर्धन सिंह, विकास अधिकारी सुरेश गिरी गोस्वामी, उमण्ड सरपंच प्रकाश चौधरी, भाजपा नेता मोहन लाल जाट, एडमिशन डायरेक्टर तरुण दाधीच, उत्तर प्रदेश पंचायत संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष नाहर सिंह विशिष्ट अतिथि थे। समारोह में सरपंचों, पंचायत समिति सदस्यों एवं पत्रकारों को लॉकडाउन में किए गए कार्यों की प्रशंसा करते हुए उन्हें पगड़ी एवं उपरना पहनाकर सम्मानित किया गया। समारोह में लोकेश शर्मा ने सरपंचों की पंचायत राज में भूमिका से अवगत कराया तथा कहा कि विकास के संसाधनों के साथ मानव संसाधनों में उत्तरोत्तर वृद्धि के लिए उन्हें अच्छी शिक्षा की ओर अग्रसर करना चाहिए। उन्होंने महामारी के विकट समय में किए गए कार्यों की सराहना करते हुए सम्मानित किया। दिनेश पाराशर ने विश्व विद्यालय का आभार प्रकट किया। प्रधान भैरू लाल ने अधिक से अधिक पौधारोपण का आग्रह किया। चंद्र सिंह भंडारी ने कोविड 19 की तीसरी लहर के बचाव के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में भी टीकाकरण पर बल दिया। तबला और बांसुरी वादन की प्रस्तुति संगीत विभागाध्यक्ष डॉ राजश्री एवं हरि ओम ने दी। सरपंच रतन नाथ योगी, राजेन्द्र गोठवाल, विष्णु हेड़ा, सरपंच, पंचायत समिति सदस्य उपस्थित थे। वीरेंद्र सिंह भाटी ने पीपीटी की ओर से उपलब्धियों की जानकारी दी।

# मेवाड़ विश्वविद्यालय में आयोजित हुआ लॉकडाउन सारथी सम्मान समारोह




चमकता राजस्थान, चित्तौड़गढ़, (अमित कुमार चेचानी/छोटू)। लोकतंत्र को सकारात्मक रूप से मजबूत करने में पंचायतों की विशेष भूमिका है। विशेष रूप से युवाओं को पंचायतों के क्रिया कलापों में बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए। उक्त वक्तव्य अखिल भारतीय प्रधान संगठन के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रो. डॉ लोकेश शर्मा ने पंचायत समिति कपासन के सभागार में कहे।मेवाड़ विश्वविद्यालय के सिविल सर्विसेज निदेशालय के निदेशक प्रो. डॉ शर्मा मेवाड़ विश्वविद्यालय में आयोजित लॉकडाउन सारथी सम्मान समारोह में बतौर मुख्य वक्ता बोल रहे थे। उन्होंने सरपंचो को युवाओं को शिक्षा की ओर प्रोत्साहित करने का आह्वान किया। साथ ही कोविड के दौरान सरपंचों की भूमिका को सराहा। पंचायत संघ के प्रदेश महामंत्री नाहर सिंह ने मेवाड़ विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. अशोक कुमार गदिया के इस शैक्षिक जागरूकता अभियान को राष्ट्र निर्माण में सहायक बताया।

मेवाड़ विश्वविद्यालय में आयोजित लॉकडाउन सारथी सम्मान समारोह पंचायत समिति के सभागार में आयोजित हुआ जिसमें कपासन पंचायत समिति के सरपंचो ,पंचायत समिति के सदस्यों जिला परिषद के सदस्यों को प्रतीक चिह्न के साथ पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। लॉकडाउन के समय में सरपंचों की विशेष भूमिका को दृष्टिगत रखते हुए मेवाड़ विश्वविद्यालय ने सभी संबंधित सरपंचो का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंचायत समिति के प्रधान भैरुलाल जी ने मेवाड़ विश्वविद्यालय के इस सम्मान के कदम की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि विश्व विद्यालय के इस कदम से पंचायत के सभी जनप्रतिनिधियों को और अच्छा कार्य करने का प्रोत्साहन मिलेगा।कार्यक्रम में विकास अधिकारी सुरेश गिरी गोस्वामी मौजूद रहे। एवम जिला परिषद सदस्य रवि मेनारिया ने सभी जन प्रतिनिधियों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में सरपंच संगठन के अध्यक्ष श्री प्रकाश चौधरी, स्वतंत्रता संग्राम सैनानी श्री केशव पथिक साहब, श्रीमती पुष्पा भट्ट, एडमिशन सेल के डायरेक्टर तरुण दाधीच जी उपस्थित थे। डॉ. राजर्षि कशोधन ने बांसुरी वादन एवम हरिओम गंधर्व ने अपने संगीतमय प्रस्तुति से श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम का संचालन प्रतीक वैष्णव व अध्यक्षता प्रधान भैरुलाल जी ने की।

# मेवाड़ विश्वविद्यालय में आयोजित हुआ लॉकडाउन सारथी सम्मान समारोह

## देश की पंचायतें लोकतंत्र की बुनियाद हैं- डॉ. लोकेश




जयपुर मिड-डे टाइम्स

**चित्तौड़गढ़ (अमित कुमार चेचानी/छोटू)।** लोकतंत्र को सकारात्मक रूप से मजबूत करने में पंचायतों की विशेष भूमिका है। विशेष रूप से युवाओं को पंचायतों के क्रिया कलापों में बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए। उक्त वक्तव्य अखिल भारतीय प्रधान संगठन के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रो. डॉ लोकेश शर्मा ने पंचायत समिति कपासन के सभागार में कहे। मेवाड़ विश्वविद्यालय के सिविल सर्विसेज निदेशालय के निदेशक प्रो. डॉ शर्मा मेवाड़ विश्वविद्यालय में आयोजित लॉकडाउन सारथी सम्मान समारोह में बतौर मुख्य वक्ता बोल रहे थे। उन्होंने सरपंचो को युवाओं को शिक्षा की ओर प्रोत्साहित करने का आह्वान किया। साथ ही कोविड के दौरान सरपंचों की भूमिका को सराहा। पंचायत संघ के प्रदेश महामंत्री नाहर सिंह ने मेवाड़ विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. अशोक कुमार गदिया के इस शैक्षिक जागरूकता अभियान को राष्ट्र निर्माण में सहायक बताया। मेवाड़ विश्वविद्यालय में आयोजित लॉकडाउन सारथी सम्मान समारोह पंचायत समिति के सभागार में आयोजित हुआ जिसमें कपासन पंचायत समिति के सरपंचो ,पंचायत समिति के सदस्यों जिला परिषद के सदस्यों को प्रतीक चिह्न के साथ पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। लॉकडाउन के समय में सरपंचों की विशेष भूमिका को दृष्टिगत रखते हुए मेवाड़ विश्वविद्यालय ने सभी संबंधित सरपंचो का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंचायत समिति के प्रधान भैरुलाल जी ने मेवाड़ विश्वविद्यालय के इस सम्मान के कदम की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि विश्व विद्यालय के इस कदम से पंचायत के सभी जनप्रतिनिधियों को और अच्छा कार्य करने का प्रोत्साहन मिलेगा। कार्यक्रम में विकास अधिकारी सुरेश गिरी गोस्वामी मौजूद रहे। एवम जिला परिषद सदस्य रवि मेनारिया ने सभी जन प्रतिनिधियों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में सरपंच संगठन के अध्यक्ष श्री प्रकाश चौधरी, स्वतंत्रता संग्राम सैनानी श्री केशव पथिक साहब, श्रीमती पुष्पा भट्ट, एडमिशन सेल के डायरेक्टर तरुण दाधीच जी उपस्थित थे। डॉ. राजर्षि कशोधन ने बांसुरी वादन एवम हरिओम गंधर्व ने अपने संगीतमय प्रस्तुति से श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम का संचालन प्रतीक वैष्णव व अध्यक्षता प्रधान भैरुलाल जी ने की।

# कपासन में लॉकडाउन सारथी सम्मान




**कपासन।** मेवाड़ विश्वविद्यालय गंगरार की ओर से सोमवार को कपासन में लॉक डाउन सारथी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मेवाड़ विश्वविद्यालय के प्रतीक वैष्णव के अनुसार पंचायत समिति के महाराणा प्रताप सभागार में आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि मेवाड़ विश्वविद्यालय के सिविल सर्विसेज डायरेक्टर डॉ. लोकेश शर्मा थे। पंचायत समिति कपासन के प्रधान भेरुलाल चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में उपप्रधान हर्षवर्धनसिंह गाडन, विकास अधिकारी सुरेशगिरी गोस्वामी, सरपंच संघ के अध्यक्ष प्रकाश चौधरी, भाजपा नेता एवं सरपंच मोहनलाल जाट, एडमिशन डायरेक्टर तरुण दाधीच, उत्तरप्रदेश पंचायत संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष नाहरसिंह विशिष्ट अतिथि थे। समारोह में मेवाड़ विश्वविद्यालय की ओर से पंचायत समिति के सरपंचो, मीडियाकर्मियों द्वारा लॉकडाउन में किये गए कार्यों की प्रंशसा करते हुए उपरना ओढ़ाकर, मेवाड़ी पगड़ी पहनाकर तथा स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया गया। संचालन प्रतीक वैष्णव ने किया।